भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 4502
गुरुवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में विमानपत्तनों का विकास

4502. श्री डी. एम. कथीर आनंद:
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तमिलनाडु में सभी विमानपत्तनों के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कार्यों को पूरा करने में अत्यधिक विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) चेन्नई, कोयम्बटूर, मदुरै, तिरुचिरापल्ली और थूथुकुडी विमानपत्तनों पर लंबित कार्यों में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या उचित कदम उठाए गए हैं, और

(घ) वेल्लोर और नेयवेली के विमानपत्तनों को कब तक पूरा कर लिया जाएगा और कब तक चालू कर दिया जाएगा?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): तमिलनाडु में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने चेन्नई हवाईअड्डे का आधुनिकीकरण, रनवे के दक्षिणी ओर प्रचालन क्षेत्र की ग्रेडिंग और मदुरै हवाईअड्डे पर जल निकासी प्रणाली का निर्माण, तिरुचिरापल्ली हवाईअड्डे पर एटीसी टावर-सह-तकनीकी ब्लॉक का निर्माण और थूथुकुडी हवाईअड्डे पर रनवे विस्तार और संबद्ध कार्यों के साथ-साथ एक नए टर्मिनल भवन के विकास सहित विभिन्न हवाईअड्डा विकास परियोजनाएं शुरू की हैं।

हवाईअड्डा परियोजनाओं के पूरा होने की समय-सीमा कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें भूमि अधिग्रहण, विनियामक क्लीयरेंस, बाधाओं को हटाना और संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ताओं द्वारा वित्तीय प्रावधान शामिल हैं।

चेन्नई हवाईअड्डे के आधुनिकीकरण में मुख्य रूप से अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं के कारण विलंब हुआ है, जिनमें कोविड-19 वैश्विक महामारी, कई चक्रवात और असामान्य रूप से अधिक वर्षा शामिल हैं।

हवाईअड्डे के विस्तार और आधुनिकीकरण परियोजनाओं का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, नागर विमानन मंत्रालय में संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय से विभिन्न स्तरों पर नियमित मॉनिटरिंग की जाती है। विलंब को कम करने के लिए उन्नयन कार्यों की प्रगति और बाधाओं को दूर करने पर नियमानुसार ध्यान दिया जा रहा है।

(घ): नेवेली और वेल्लोर हवाईअड्डों पर विकास कार्य पूरा हो चुका है। इन हवाईअड्डों का परिचालन शुरू करना कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे विनियामक अनुमोदन, लाइसेंसिंग, प्रचालन हेतु तैयारी, आदि।

*****